दिनांक 01.08.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

दुर्ग कलेक्टर श्री उमेश कुमार अग्रवाल द्वारा निगम भिलाई में निशुल्क स्मार्ट फोन प्रदाय करने हेतु लगे शिविर का निरीक्षण किया

भिलाईनगर/ राज्य सरकार की संचार क्रांति योजना के तहत् निशुल्क स्मार्ट फोन वितरण किये जाने के संबंध में ई–पावती प्रदाय करने हेतु नगर पालिक निगम, भिलाई के सभी 70 वार्डों में शिविर का अयोजन किया गया। दुर्ग कलेक्टर श्री उमेश कुमार अग्रवाल के द्वारा जोन क्र. 01 नेहरू नगर, खम्हरिया एवं जोन क्र. 02 वैशाली नगर के सांस्कृतिक भवन में लगे शिविर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त श्री के0एल0 चौहान, जोन के आयुक्त एवं अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

आज जिलाधीश महोदय के द्वारा निगम भिलाई के पात्र हितग्राहियों के लिए लगे शिविर स्थल में पहुॅच कर उपस्थित अधिकारी, कर्मचारियों से ई–पावती के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए। शिविर स्थल में आये हितग्राहियों से चर्चा करते हुए उन्हें शासन के द्वारा संचार क्रांति योजना के अन्तर्गत शहरी, गरीब पात्र परिवार को निशुल्क स्मार्ट फोन प्रदाय किये जाने के संबंध मे जानकारी दी गई। निगम आयुक्त श्री चौहान ने संचार क्रांति योजना के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि निगम क्षेत्र के सभी जोन के अन्तर्गत कुल 36929 स्मार्ट फोन का वितरण निशुल्क किया जाना है।

श्री चौहान ने क्षेत्र के पात्र हितग्राहियों से अपील की है कि आप लोगों के द्वारा स्मार्ट फोन प्राप्त करने हेतु पूर्व में जो आवेदन जमा कराए गए है। उस आवेदन की पावती के साथ अपने वार्ड में लगे शिविर में उपस्थित होवें एवं इस योजाना के संबंध में अधिक जानकारी हेतु वार्ड में उपस्थित निगम के अधिकारी, कर्मचारी से प्राप्त कर सकते है।

जनसंपर्क अधिकारी